मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-371
05/08/2021

# टोक्यो ओलंपिक 2020 के हॉकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने भारतीय पुरूष हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

पटना, 05 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के हॉकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पुरूष हॉकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर हॉकी के खेल में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसपर हर भारतीय गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय पुरूष हॉकी टीम प्रगति की ऊँचाई के शीर्ष पर पहुँचे और भारत का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******